सार-समाचार

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत

सजूम्बर, (कासं)। जिले में परिवहन विभाग, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 1 जनवरी से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत हुई। इस अभियान के दौरान 31 जनवरी तक जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुलिया ने बताया कि 01 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 थीम "परवाह" के साथ चलाया जायेगा। इस दौरान राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत कार्यवाही करते हुए लापरवाही एवं तेज गति से वाहन संचालन, बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट, छत पर सवारी, भार वाहनों में सवारी, बिना परमिट, बिना रिफ्लेक्टिव टेप, अवैध वाहन संचालन पर पुलिस एवं परिवहन विभाग की ओर से सघन कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा ठाम स्तर पर भी सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि आई आर ए डी सिस्टम के आधार पर दुर्घटना स्थानों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए ब्लैक स्पॉटों का दुरस्तीकरण संबंधित रोड एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत्युदर में कमी लाने के लिए आम जन में सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरुकता लाई जाएगी। इसी तरह सड़क सुरक्षात्मक उपायों एवं यातायात नियमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुलिया एवं राजेश कुमार पाठक के द्वारा मार्ग में वाहन चालको को रोककर उन्हें फूल देकर यातायात नियमों की पालना के लिए समझाईश की गई।

दरगाह शरीफ पर उमड़ा जनसैलाब

कपासन, (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर रजब माह की चाँदरात एवं ईस्वी नये साल 2025 पर जायरीने दीवाना का उमड़ा जन सैलाब। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार बुधवार प्रातः काल से ही आशिके दीवाना का आना शुरू हो गया। बुलन्द दरवाजा के बाहर पार्किंग मोटर साईकिलो से 12 बजे तक भर गई, स्टेशन से लेकर हाईवे चैराहा तक गाडियो का जमावडा लगा रहा। मैला ग्राऊण्ड मे 300 से उपर अस्थाई दूकाने लगी। औलिया मस्जिद, आयशा मस्जिद नमाजियो से भरी रही। जगह-जगह लंगर तकसीम किया गया। चादर, फूल, ईत्र पेश करने वालो का तांता लगा रहा वही मिन्नत के धागे बांधने, मिन्नत पुरी होने पर बच्चो एवं बड़ो को सुखा मेवा व फलो से तोला गया। अहाता ऐ नूर मे महफिले मीलाद एवं कव्वाल हज़रात ने बारी-बारी से हम्द, नात, मनकबत पेश कर अवाम से दाद बटौरी व जायरीने दीवाना ने ईनामो इकराम से नवाज़ा। चिराग-बत्ती के वक्त फातिहा ख्वानी हुई। मुल्क मे अमनो-सुकून की दुआ की तो आमीन-आमीन की सदाओ से दरगाह परिसर गूंज उठा।

संत भगवान दास उदयपुर पहुंचे

उदयपुर, (कासं)। लगातार 44 वर्षों से पीड़ित मानवता की निस्वार्थ एवं निःशुल्क सेवा के लिए प्रसिद्ध स्थल बाराबंकी के मानस मर्मज्ञ संत भगवानदास महाराज उदयपुर पहुंचें। उन्होंने शिविर संयोजक और वरिष्ठ फ़िजिशियन डॉ. जे. के. छापरवाल से मुलाकात कर चिकित्सा सेवा के संकल्प को मूर्त रूप देने वाले सभी चिकित्सकों के सहयोग की सराहना की । इस मौके पर उन्होंने डॉ. छापरवाल से आगामी शिविर के संबंध में चर्चा की। छापरवाल ने बताया कि विगत 44 वर्षों से आश्रम स्थित ऑपरेशन थियेटर में मोतियाबिंद, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, रसौली, बच्चेदानी का ऑपरेशन किये गये है और सेवा का यह प्रकल्प आगे भी जारी रहेगा जिसमे विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं ली जाकर निःशुल्क सेवाएं दी जाएगी। डॉ. छापरवाल ने बताया कि आगामी शिविर के संबंध में आवश्यक तैयारियों कर ली है। आगामी शिविर के लिए दल 21 जनवरी को प्रातः 8.30 बजे उदयपुर के बी.एन कॉलेज प्रांगण से बस द्वारा प्रस्थान करेगा। इसके अतिरिक्त अन्य दल दो चरणों रेलमार्ग द्वारा रवाना होंगे।

सिंघवी अध्यक्ष, सिसोदिया महामंत्री बने

उदयपुर, (कासं)। सामाजिक संस्था भारतीय जैन संघटना उदयपुर की बैठक बुधवार को एलबीएस सभागार में आयोजित की गई। जिसमें संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने संभागीय अध्यक्ष विकास जैन की सहमति से आगामी वर्ष 2025-26 के लिए दीपक सिंघवी को अध्यक्ष, भूपेन्द्र गजावत को कार्यकारी अध्यक्ष, जितेन्द्र सिसोदिया को महामंत्री तथा वीरेन्द्र महात्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। उक्त बैठक में फत्तावत ने नव मनोनित पदाधिकारियों को आगामी वर्ष में संगठन को नई उंचाईयों तक पहुंचाने की प्रेरणा दी। नव मनोनीत अध्यक्ष दीपक सिंघवी ने अपनी योजना प्रस्तुत करते हुए कहां कि 30 नवम्बर व 1 दिसम्बर को पुना में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में संस्थापक शांतिलाल मुथा के आव्हान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रयास किए जाऐगें। बीजेएस बास्केट में नए घोषित आयोजन प्रारब्ध, प्रतिबिम्ब, प्रवाह, परिकल्पना और प्रबोधि के सभी आयोजन किए जाएगें। मुख्यतः युवा दिवस, विश्व शाकाहार दिवस, केरियर कॉउसिलिंग, विश्व पर्यावरण दिवस आदि आयोजन भी प्रमुखता से किए जाएगें।

रक्तदान व जांच शिविर आज

उदयपुर, (कासं)। निःशुल्क रक्तदान और नेत्र जाँच शिविर का आयोजन गुरूवार को किया जाएगा। भूपाल नोबल्स संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड ने बताया कि प्रताप चौक प्रांगण में 2 जनवरी को संस्थान की स्थापना का 103 वां दिवस भावभीनी श्रद्धा से मनाया जाएगा। इस अवसर पर बी एन ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के सचिव भानु प्रताप सिंह सोलंकी ने बताया कि भूपाल नोबल्स संस्थान के स्थापना दिवस पर विद्या प्रचारिणी सभा द्वारा आयोजित शताब्दी महोत्सव के अन्तर्गत ओल्ड बॉयज एसोसिएशन, भूपाल नोबल्स संस्थान, उदयपुर द्वारा रक्तदान और निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक आयोजित किये जायेंगे।

तैयारियों को लिया जायजा

डूंगरपुर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ओर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल 4 जनवरी को डूंगरपुर आ सकते है। दोनों खडगदा में आयोजित रामकथा में हिस्सा लेंगे। इसे लेकर जिला प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। कलेक्टर ओर एसपी ने खडगदा गांव में सभा और मार्ग को लेकर अधिकारियों ओर लोगो से चर्चा की।

खडगदा गांव से गुजर रही मोरन नदी की स्वच्छता ओर संरक्षण को लेकर गांव के लोगों के साथ रामकथा व्यास पीठ के माध्यम से बीडा उठाया गया है। कथावाचक कमलेश शास्त्री की ओर से जल संरक्षणए नदियों की स्वच्छता ओर सामाजिक समरसता का संदेश दिया जा रहा है। रामकथा को लेकर देशभर में साधु संत ओर बडी हस्तियों को बुलाया गया है। इसे लेकर ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ओर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल भी 4 जनवरी को खडगदा आ सकते है। दोनों के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन खडगदा गांव पहुंचे। जहां रामकथा आयोजन स्थल, मार्ग सहित तमाम व्यवस्थाओं को देखा। कलेक्टर ने दोनों नेताओं के लिए हेली-पेड की व्यवस्थाएं प्रमुख रास्ता और सुरक्षा को लेकर तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक शंकरलाल डेचा, कोषाध्यक्ष डॉ.विजय जोशी,विवेक भट्ट, चंद्रेश व्यास ओर दीपेन भट्ट से भी चर्चा की। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन रमेशचंद्र पाटीदार ओर सागवाडा विकास अधिकारी भरत कलाल को व्यवस्थाओं को लेकर निर्देश दिए।

एबीवीपी ने कुलपति को कमरे में बंद कर किया प्रदर्शन

विश्वविद्यालय कुलपति को ज्ञापन देता एबीवीपी का प्रतिनिधि मण्डल।

बांसवाड़ा, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री आनन्द निनामा के नेतृत्व में कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने समय सारणी समेत विभिन्न मांगों को लेकर श्री गोविंद गुरु जनजातिय विश्वविद्यालय के कुलपति को कमरे में बंद कर प्रदर्शन किया। प्रदेश सहमंत्री आनन्द निनामा ने बताया कि पिछले दिनों आनन-फानन में विश्वविद्यालय ने समय सारणी को जारी की समय सारणी में सुबह 7 से शाम को साथ 6 बजे तक एग्जाम देने का समय जारी किया विश्वविद्यालय को मालूम

■ समय सारणी समेत विभिन्न मांगों को लेकर विरोध

होना चाहिए की इतनी ठंड होने की वजह से विद्यार्थी इतनी जल्दी एग्जाम देने नहीं आ सकते हैं। विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी करते हुए विश्वविद्यालय ने अपनी मनमानी की। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुनील सुरावत ने बताया कि दूर-दराज गांव से विद्यार्थी एग्जाम देने आते हैं समय सारणी में सुबह 7 बजे का समय देने के कारण विद्यार्थियों को एग्जाम देने आने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। छात्र नेता राहुल डिंडोर ने बताया कि हॉस्टल शुरू करने और बस सुचारू रूप से शुरू करने की मांग पर कुलपति ने अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया। विद्यार्थियों ने चेतावनी दी कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने कार्य शैली में परिवर्तन नहीं किया तो बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में छात्र नेता विनोद, इकाई अध्यक्ष जया, हेमंत खाट, नरेश राठौर, दीपक आदि प्रमुख रहे।

उदयपुर के नैसर्गिक सौन्दर्य को निखारने पर्यटन स्थलों का विकास लेगा आकार

उदयपुर, (कासं। पर्यटकों के आकर्षण केंद्र झीलों की नगरी के नैसर्गिक सौन्दर्य को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए उदयपुर के विकास को गति देते हुए और अधिक पर्यटक केंद्र और सैलानियों के लिए सुविधाओ का विस्तार किया जायेगा जिससे यहाँ की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होने से रोजगार के अवसर भी बढेगें ।

इस वर्ष पर्यटकों के लिए दक्षिण भारत की रेल यात्रा भी सुलभ होगी क्योंकि इस साल नई ट्रेनें इस रूट पर अहमदाबाद से कनेक्ट हो जाएगी। उदयपुर से असारवा (अहमदाबाद) तक के 299 किमी लंबे रूट पर विद्युतीकरण का काम लगभग पूरा हो चुका है। मंजूरी मिलते ही इस पर इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेन चलेगी। इससे प्रदेश में उदयपुर से गुजरात, महाराष्ट्र व दक्षिण भारत के लिए नई ट्रेनें शुरू हो सकेंगी। इस ट्रैक के शुरू होने से न केवल मुंबई तक के लिए ट्रेनों की रोज

■ रेल सुविधाओं के विकास को भी दिया जायेगा अंजाम

की कनेक्टिविटी मिलेगी, बल्कि आगे दक्षिण भारत समेत अन्य राज्यों के लिए कनेक्टिंग ट्रेन होने से मेवाड का जुडाव होगा। अभी मुंबई के लिए रतलाम होकर ट्रेनें चलती है।

उदयपुर सिटी स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए 354 करोड की लागत के काम जारी हैं। इसकी सुविधा नए साल में यात्रियों को मिलने लगेगी। इसमें दो नंबर गेट पर बिल्डिंग और एक नंबर गेट पर पार्किंग तैयार हो गई है। साल 2025 में नया आरपीएफ थाना, एक नंबर एंट्री गेट पर पार्किंग फैसेलिटी जैसी सुविधाएं मिल जाएंगी। नई पार्किंग में 44० गाडियां पार्क की जा सकेंगी। यहां ग्राउंड फ्लोर पर कुली रूम रहेगा। पहली मंजिल पर वेटिंग हॉल, दूसरी मंजिल पर 400 स्क्वायर मीटर का कॉम्प्लेक्स और तीसरी पर करीब 10 प्रीमियम रिटायरिंग रूम होंगे। यहां 400 कार, 120 दोपहिया और 95 ऑटो पार्क हो सकेंगे। सज्जनगढ मानसून पैलेस की तलहटरी में बायो पार्क के पास लॉयन सफारी बनाई गई है। इसका 2025 के पहले ही महीने में शुभारंभ करने की तैयारी है। सफारी का रूट 3 से 4 किमी का होगा। घूमने में एक घंटे का वक्त लगेगा।

पर्यटकों को पहाडी के टॉप पर ले जाया जाएगा। यहां क्लाउड-9 बना हुआ है। इसमें लॉयन सम्राट 7 साल और मादा सुनैना 3 साल की है। इन दोनों से ही लॉयन सफारी में लॉयन का परिवार बढाया जाएगा। सज्जनगढ स्थित बायो पार्क में रेप्टाइल सेक्शन प्रोजेक्ट का काम भी पूरा हो गया है। इसे भी लॉयन सफारी के साथ ही शुरू कर दिया जाएगा। यहां कर्नाटक का शेड्यूल-1 किंग कोबरा देखने को मिलेगा।

संत समागम कल से

राजसमंद, ०(निसं)। जिले के चारभुजा स्थित कसार गांव में सनातन वैदिक शिक्षण संस्थान की निर्माणाधीन गुरुकुल भूमि पर 3 जनवरी से 5 जनवरी तक तीन दिवसीय संत समागम का आयोजन होगा। संस्थान के अध्यक्ष पंडित उमेश द्विवेदी ने बताया कि आज के युग में वैदिक संस्कृति के उत्थान के लिए गुरुकुलों की बहुत आवश्यकता है और इन्हीं के माध्यम से वैदिक संस्कृति का संवर्धन एवं संरक्षण होता है इसी संकल्प को लेकर यह संस्थान विगत 24 वर्षों से अनवरत 15 दिवसीय आवासीय वैदिक संस्कार शिविर का आयोजन कर रहा है। अब इस कार्य को वर्ष पर्यंत करने के लिए एक गुरुकुल की आवश्यकता है, जिसमें वैदिक शिक्षा के साथ में आधुनिक शिक्षा भी दी जा सकें। इसके लिए समस्त संतों का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए गुरुकुल की भूमि पर एक संत समागम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मेवाड के कुछ प्रमुख संतों का सानिध्य प्राप्त होगा।

सार-समाचार

महाराणा फतहसिंह की जयन्ती मनाई

उदयपुर,(कासं)। मेवाड़ के 73वें एकलिंग दीवान महाराणा फतहसिंह की 175 वीं जयंती महाराणा मेवाड चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर की ओर से सिटी पेलेस म्यूजियम स्थित राय आंगन में उनके चित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्जवलित किया तथा आने वाले पर्यटकों के लिए उनकी ऐतिहासिक जानकारी प्रदर्शित की गई। महाराणा का जन्म पौष शुक्ल द्वितीया, विक्रम संवत 1906 (वर्ष 1849 ई.) को हुआ था। महाराणा मेवाड चैरिटेबल फाउण्डेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. मयंक गुप्ता ने बाताया कि महाराणा फतहसिंह असाधारण प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व के धनी थे। महाराणा फतहसिंह एकमात्र ऐसे महाराणा थे, जिन्होंने 1903 और 1911 ई. में दो बार दिल्ली दरबार में भाग नहीं लिया, लेकिन ब्रिटिश सरकार के साथ अच्छे संबंध भी बनाए रखे। 1887 ई. में उन्हें जी.सी.एस.आई. की उपाधि प्रदान की गई। प्रथम युद्ध के दौरान महाराणा फतहसिंह ने मेवाड रीसाला की स्थापना की, जो बाद में मेवाड लांसर्स में परिवर्तित हुआ। महाराणा ने लगभग अपने 45 वर्षों तक अदम्य उत्साह, मनोयोगपूर्वक अपने विचारों के अनुकूल निरापद राज्य किया। वे प्रतिवर्ष साधु संतों एवं विद्वानों के आदर-सत्कार में सहस्त्रों रुपये खर्च करते थे। उन्होंने अपने सुशासन काल में परम बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए सामुदायिक विकास, सिंचाई व्यवस्था तथा वन-संवर्द्धन आदि महत्ता के कारण वे मेवाड के अपराजेय और प्रतापी महाराणा कहलाये। मेवाड की समृद्धि के लिये नदियों तालबों के रख-रखाव के साथ ही महाराणा ने उदयपुर के उत्तर की ओर देवाली गांव के पास का छोटा तालाब सन् 1795 की अतिवृष्टि से पूर्ण रूप से नष्ट हो गया था, का सन् 1889 में पुनः निर्माण करवाकर झील का स्वरूप दिया गया। जिसका नाम फतह सागर रखा गया। आहड नदी को फतह सागर से जोडने वाली चिकलवास नहर का निर्माण महाराणा फतहसिंह के शासन काल सन् 1890 में किया गया।

गीतों से किया नववर्ष का स्वागत

डूंगरपुर, (निसं)। साल 2024 की विदाई और 2025 का स्वागत नगर के संगीत प्रेमियों ने बीती रात अनूठे अंदाज में किया। स्वर साधकों के अग्रणी मंच दिल की आवाज से नववर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित गीतों भरी सुरमयी शाम नववर्ष की नव सुबह के नाम कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के साथ नववर्ष की अगवानी की। दिल की आवाज डूंगरपुर के बैनर तले मंगलवार शाम यहां होटल जोधपुर पैलेस के हॉल में आयोजित संगीत निशा में योगेश जैन एवं हरीश मेहता बतौर अतिथि मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा मां शारदे की छवि के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं नवोदित बाल प्रतिभा उन्नति जोशी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से आरंभ हुई गीतों भरी शाम में नए,पुराने गीत,गजल व भजनों की एक से बढकर एक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कोई पांच घंटे तक चली सुरमई महफिल में ध्रुव जोशी, शैलेन्द्र पंचाल,मोहित भंडारी, के के पंड्याए दक्ष शर्मा, जयराज दोशी, मोनार्क जोशी, अशोक द्विवेदीए बद्री सुथारए कामिनी भट्ट, योगेश जोशी, उन्नति जोशी, मुकेश भट्ट, धरणीधर जोशी, चंदा खुशलानी, लवी जैन, शीतल पंड्या भट्ट, उत्पल जैन, प्रशांत जोशी, सुदेश मेहता, अजय शर्मा, सोहन यादव, भूपेन्द्र पंड्या, राजकुमार कसारा, गिरिश जोशी आदि ने उत्कृष्ट गीतों के साथ नववर्ष का स्वागत किया। आरंभ में दिल की आवाज के संस्थापक गिरिश जोशी, बद्रीभाई सुथार, जयराज दोशी, राजकुमार कसारा ने अतिथियों एवं गायक कलाकारों का स्वागत किया। संगीत संध्या का खूबसूरत संचालन गिरीश जोशी एवं बद्री सुथार ने किया।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

राजसमंद, ०(निसं)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मुंडोल गांव में तीन दिवसीय रात्रिकालीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन मंगलवार रात को हुआ। समापन समारोह में विधायक दीप्ति माहेश्वरी, मेवाड ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष जगदीश बागोरा, उपाध्यक्ष किशन पालीवाल मोरवड, मंत्री राजेश पालीवाल, एडवोकेट भरत डिप्टी, भगवतीलाल धर्मेटा, भरत मंडा, ललित मंडा, मुंडोल सरपंच नारायणसिंह, युवा ब्रह्म शक्ति मेवाड के ब्रजसुंदर, भवानी, गिरीश, मुकेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। महादेव नवयुवक मंडल की ओर से अतिथियों का इकलाई पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल युवा खिलाडियों को प्रोत्साहन प्रदान करते हैं, बल्कि सामुदायिक सहयोग और खेल भावना को भी बढावा देते हैं। क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढावा देने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का साधन है, बल्कि यह अनुशासन और टीम वर्क की भावना भी विकसित करता है।

बैठक आज

उदयपुर, (कासं)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का सफल आयोजन के संबंध में बैठक गुरुवार को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित होगी। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 'परवाह (केयर)' थीम पर किया जाना है।

सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

डूंगरपुर, (निसं)। परिवहन और पुलिस विभाग की ओर से बुधवार से सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का आगाज किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता के पहले दिन परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने गांधीगिरी दिखाई। शहर के तहसील चौराहा पर वाहनधारियों को गुलाब का फूल देकर हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने व सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया।

सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहततहसील चौराहा पर वाहनधारियों को नियमों की पालना करने की सीख दी गई। एएसपी अशोक मीणा, कार्यवाहक डीटीओ रविन्द्रसिंह भाटी, सदर थाने से भवानीसिंह सहित मौजूद अधिकारियों ने हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक व स्कूटी सवारों को रोका। वहीं सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले चौपहिया वाहन ड्राइवरों को भी रोका, लेकिन पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों ने गांधीगिरी दिखाते हुए लोगों को गुलाब का फूल देकर हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने की नसीहत दी।

प्रतियोगिता शुरू

राजसमंद, (निसं)। जय अम्बे क्रिकेट क्लब काकरोद के तत्वाधान में कालाजी स्टेडियम में 19वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन भीम विधायक हरिसिंह रावत के मुख्य आथित्य में हुआ। विशिष्ठ अतिथि रावत युवा अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह, गोरक्षा जिलाध्यक्ष गोटू गुर्जर, किशन गुर्जर व राजू गुर्जर थे। जबकि अध्यक्षता मानसिंह ने की।

आम-सूचना

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.)के पत्र F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat.B2(23181)/2021-22,Jaipur दिनांक 13/09/2023 द्वारा श्री गिरीराज लढ्ढा , एम.एल.नम्बर 125/94, एरिया 0.68335 हेक्टर, वास्ते मार्बल, निकट ग्राम झांझर, तहसील एवं जिला राजसमन्द के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स (राज.)(SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

आयुष्मान, चिरंजीवी योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे : कलेक्टर

'प्रसव नहीं कराने वाले चिकित्सा संस्थाओं की सूची आगामी बैठक में पेश करे'

डूंगरपुर, (निसं)। जिला स्वास्थ्य समिति बैठक में राज्य सरकार की फलैगशिश योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचे,साथ ही किसी भी योजनाएं कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग द्वारा कोताही ना बरतने के निर्देश दिये।

यह बात जिला कलक्टर अंकित कुमार ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष मे आयोजित बैठक में कही। साथ ही जिला

■ जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की

कलक्टर ने चिकित्सा विभाग के कार्यक्रम वार तथा ब्लॉक वार स्वास्थ्य सेवाओं व योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में सीएमएचओं डॉ.अलंकार गुप्ता, एसीएमएचओ डॉ.विपिन मीणा, आरसीएचओ डॉ.लोकेश परमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.करिश्मा पंचाल, डीपीएम जीतिन जोनवाल, जिला स्तर के समस्त एनएचएम कार्मिक सहित ब्लॉक से समस्त, बीसीएमओ बीपीएम सीएचसी, पीएचसी से चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहां कि टीकाकरण तथा विशेष अभियानों में अर्बन व दूरस्थ क्षेत्र न छूटे इसके लिए गहन समीक्षा व प्लानिंग के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा व जांच योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना आभा आईडी निर्माण व एनसीडी कार्यक्रम तहत स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्य, आयुष्मान

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते जिला कलेक्टर।

चिरंजीवी योजना व अन्य सभी योजनाओं मे राज्य सरकार द्वारा दी जा रही गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं व योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सुनिश्चित मिलना चाहिए।

जिला कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए सीएमएचओं को निर्देश दिए कि जिन चिकित्सा संस्थानो पर प्रसर्व के लिए पर्याप्त सन साधन, स्टॉफ व डिलेवरी के लिए अन्य सुविधाएं होने के पश्चात भी सस्थान पर प्रसर्व नहीं करवाए जा रहे है। ऐसे सभी संस्थान की सूची अगामी बैठक से पूर्व तैयार की जाए जिनकी प्रगति न्यून रहेंगी उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सभी चिकित्सक अपने क्षेत्र मे चिकित्सा विभाग की सेवाओं के लिए आमजन के बीच अपने स्वयं के साथ आशा, एएनएम व अन्य चिकित्सा कार्मिकों के माध्यम से विश्वास बढा, जिससे के वह स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए व अन्य क्षेत्र मे नही जा। उन्होने जेएसवाय योजना के कम उपलब्धि वाले चिकित्सा संस्थान को शत-प्रतिशत भुगतान करने के लिए पाबंद किया। जो संस्थान प्रसव पश्चात 48 घंटे तक भर्ती रही माता के परिजनों से योजना का लाभ दिलाने के लिए दस्तावेज प्राप्त कर एंटी नही कर पा रहे है ऐसे चिकित्सा संस्थान की लिस्ट बनानी जाए जिससे कि उन पर विशेष कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निशुल्क दवा योजना की समीक्षा करते कहां कि चिकित्सक द्वारा रोगी को वही दवा लिखे जो दवा स्टोक मे उपलब्ध हो अन्य ना लिखे जिससे की रोगियों को दवा के लिए बाहर नही जाना पडे। उन्होने कहां कि आयुष्मान कार्ड जो कि लाभार्थियों का ऑफलाइन बाटे गए है उन सबकी ऑनलाईन एंटी कि जाए इसके लिए लाभार्थियों तक सूचना पहुंचाई जाए कि जब तक आयुष्मान कार्ड की ऑनलाइन एंट्री नही करवागे तब तक लाभार्थी को योजना का लाभ नही ले पाएगा। जिला कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत पर चर्चा करते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी को निर्देश दिए की 2025 मे भारत को टीबी मुक्त किया जाना है। उसके लिए डूंगरपुर की ग्रांम पंचायत वाईज एक कार्ययोजना तैयार किया जाए जिससे की डूंगरपुर की ग्राम पंचायतों को 2025 तक टीबी मुक्त करने के लिए साल के प्रथम महिने से सफल शुरुआत की जा सके, साथ ही टीबी रोगी नही बढे उसके लिए फील्ड में निगरानी करने के लिए कहां गया। उन्होंने आशान्वित झौंथरी ब्लॉक मे पायलट प्रोजेक्ट के रूप मे प्रारंभ हुए अनिमिया मुक्त डूंगरपुर के बारे म बात की।

शीत लहर व पाले से फसल सुरक्षा के बताए उपाय

उदयपुर, (कासं)। वर्तमान में राज्य में चल रही शीतलहर एवं मौसम विभाग की चेतावनी के दृष्टिगत राज्य में फसलों को पाले के प्रकोप से बचाव के लिए कृषि आयुक्तालय से कृषकों के लिए उपयोगी व महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है।

इस संबंध में अतिरिक्त निदेशक (कृषि) अनुसंधान एच.एस.मीणा ने समस्त खण्ड के अतिरिक्त निदेशक व समस्त जिला परिषद के संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार को पत्र लिखकर किसानों को इन उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु कहा है। इन उपायों में कृषकों को बताया है कि जब पाला पडने की संभावना हो तब खेत में सिंचाई करनी चाहिये। नमीयुक्त जमीन में काफी देरी तक गर्मी रहती है तथा भूमि का तापक्रम एकदम कम नहीं होता है। इस प्रकार पर्याप्त नमी होने पर शीत लहर व पाले से नुकसान की संभावना कम रहती है। वैज्ञानिकों के अनुसार सर्दी में फसल में सिंचाई करने से 0.5 डिग्री से 2 डिग्री सेल्शियस तक तापमान बढ़ जाता है। जिन दिनों पाला पडने की संभावना हो उन दिनों फसलों पर घुलनशील गन्धक 0.2 प्रतिशत अथवा गंधक का तेजाब 0.1 प्रतिशत की दर से 1000 लीटर प्रति हैक्टयर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करना चाहिये। ध्यान रखें कि पौधों पर घोल की फुहार अच्छी तरह लगे। छिडकाव का असर दो सप्ताह तक रहता है। यदि इस अवधि के बाद भी शीत लहर व पाले की संभावना बनी रहे तो छिडकाव को 15-15 दिन के अन्तर से दोहराते रहें।

कृषकों को बताया गया कि सरसों, गेहूँ, चना, आलू, मटर जैसी फसलों को पाले से बचाने में गन्धक तेजाब 0.1 प्रतिशत का छिडकाव करने से न केवल पाले से बचाव होता है, बल्कि पौधों में लौह तत्व की जैविक एवं रासायनिक सक्रियता बढ़ जाती है जो पौधों में रोग रोधिता बढ़ाने में एवं फसल को जल्दी पकाने में सहायक होती है। जिस रात पाला पड़ने की संभावना हो उस रात 12 से 2 बजे के आस-पास खेतों की उत्तरी पश्चिमी दिशा से आने वाली ठण्डी हवा की दिशा में खेतों के किनारे, पर बोई हुइ फसल के आस-पास मेड़ों पर कूडा कचरा या अन्य व्यर्थ घास फूस जलाकर धुआं करे, इससे 4 डिग्री सेल्शियस तापक्रम आसानी से बढ़ाया जा सकता है। पौधशालाओं के पौधों एवं सीमित क्षेत्र वाले उद्यानों / नकदी सब्जी वाली फसलों में भूमि के ताप को कम न होने देने हेतु फसलों को टाट, पॉलिथिन अथवा भूसे से ढक देवें।

वायुरोधी टाटियां, हवा आने वाली दिशा की तरफ यानि उत्तर पश्चिम की तरफ बांधे। नर्सरी, किचन गार्डन में उत्तर-पश्चिम की तरफ टाटियां बांधकर क्यारियों के किनारों पर रात्रि में लगाये तथा दिन में पुनः हटायें। दीर्घकालीन उपाय के रूप में फसलों को बचाने के लिये खेत की उत्तरी-पश्चिमी मेड़ों पर तथा बीच-बीच में उचित स्थानों पर वायु अवरोधक पेड़ जैसे शहतूत, शीशम, बबूल, खेजडी, अरडू एवं जामुन आदि लगा दिये जाये, तो पाले और ठण्डी हवा के झौंकों से फसल का बचावा जा सकता है।

प्रारूप-10 (नियम-6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका नाथद्वारा

सं./न.पा.नाथ./90क/24/14939 दिनांक : 01/01/2025

लोक-सूचना

मैसर्स सिद्धी विनायक हैरिटेज रिसोर्ट प्राईवेट लिमिटेड जरिये निदेशक श्री निर्मल कुमार जैन पिता म